Total Pages : 8

K-1090

M.A. (Previous) Final Examination. 2022

हिन्दी

(आधुनिक हिन्दी काव्य)

[Paper : Second]

समय : तीन घण्टा

पूर्णांक : **100**

न्यूनतमांक : **33**

निर्देशः सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांश में से **किन्हीं तीन** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : [3x10=30]

(क) निरख सखी ये खंजन आए,
फेरे उन मेरे रंजन ने नयन इधर मन भाए।
फैला उनके तन का आतप, मन से सर सरसाए।

घूमे वे इस ओर वहाँ, ये हंस यहाँ उड़ छाए।
करके ध्यान आज इस जन का निश्चय वे मुसकाए।
फूल उठे हैं कमल, अधर से यह बन्धूक सुहाए।

(ख) और देखा वह सुन्दर दृश्य
नयन का इन्द्रजाल अभिराम,
कुसुम-वैभव में लता समान
चंद्रिका से लिपटा घनश्याम।
हृदय की अनुकृति बाह्य उदार।
एक लम्बी काया, उन्मुक्त ;
मधु पवन क्रीड़ित ज्यों शिशु साल
सुशोभित हो सौरभ संयुक्त।

(ग) आज का दुख, कल का अह्लाद
और कल का सुख, आज विषाद
समस्या स्वप्न गूढ़ संसार
पूर्ति जिसकी उस पार
जगत् जीवन का अर्ध विकास
मृत्यु गति क्रम का ह्रास!

(घ) ''भोर का बावरा अहेरी
बाँध लेता है सभी को साथ
छोटी-छोटी चिड़ियाँ
मँझोले परे वे
बड़े-बड़े पंखी

डैनों वाले, डील वाले
डौल के बेडौल
उड़ते जहाज।''

(ङ) अलख नाभि से उठने वाले
निज के ही उन्मादक परिमल के पीछे
धावित हो-होकर
तरल-तरुण कस्तूरी मृग को
अपने पर चिढ़ते देखा है।
बादल को घिरते देखा है।

2. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।[15]

अथवा

'कामायनी' के काव्य-सौंदर्य की विवेचना कीजिए।

3. पंत के प्रकृति-चित्रण को रेखांकित कीजिए। [15]

अथवा

नागार्जुन के काव्य के कलात्मक सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नांकित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।[4x5=20]

(क) महादेवी वर्मा की विरहानुभूति।

(ख) हरिवंशराय बच्चन और हालावाद

(ग) त्रिलोचन की विचारधारा

(घ) धूमिल काव्य की विशेषता

(ङ) दुष्यंत कुमार की काव्यकला

(च) मुकुटधर पाण्डेय का साहित्यिक योगदान

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं बीस** प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर दीजिए: [20x1=20]

(1) साकेत में कितने सर्ग हैं?

(2) 'राम की शक्ति पूजा' किसने लिखी है?

(3) सुदामा पाण्डेय किस कवि का नाम है?

(4) द्वितीय तार सप्तक का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(5) 'संसद से सड़क तक' किसकी रचना है?

(6) निराला की पुत्री का नाम लिखिए।

(7) धर्मवीर भारती के नाटक का नाम क्या है?

(8) तार सप्तक के संपादक कौन थे?

(9) जयशंकर प्रसाद के महाकाव्य का नाम लिखिए।

(10) 'असाध्य वीणा' किसकी रचना है?

(11) 'धर्मयुग' किसके द्वारा संपादित पत्रिका है?

(12) हिन्दी के प्रथम महाकाव्य का नाम लिखिए।

(13) निराला का जन्म कहाँ हुआ था?

(14) 'प्रिय प्रवास' किसकी रचना है?

(15) 'सतपुड़ा के घने जंगल' किसकी रचना है?

(16) नागार्जुन का मूल नाम क्या था?

(17) आधुनिक युग की मीरा किसे कहा जाता है?

(18) धूमिल का वास्तविक नाम क्या था?

(19) 'मैं उस जनपद का कवि हूँ' किसकी रचना है?

(20) 'नौका विहार' कविता में कहाँ के राजभवन का उल्लेख है?

(21) 'कामायनी' की नायिका का नाम लिखिए।

(22) 'कुकुरमुत्ता' कविता में गुलाब किसका प्रतीक है?

(23) पंत को किस महाकाव्य हेतु ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?

(24) 'साये में धूप' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(25) 'शलाका पुरुष' किसे कहा जाता है?

----x----